# खाटू जाने वालों में नाम मेरा लिख लेना

खाटू जाने वालों में नाम मेरा लिख लेना,
श्याम अपने लालों में नाम मेरा लिख लेना......

खाटू जाने वालों के क्या नसीब होते हैं,
तुम जिन्हें बुलाते हो ख़ुशनसीब होते हैं,
उन नसीब वालों में नाम मेरा लिख लेना......

खाटू जा के श्याम तेरा वो ही पायेगा दर्शन,
जिसने तेरे नाम किया अपना तन मन धन जीवन,
तुमको पाने वालों में नाम मेरा लिख लेना......

रात बीते भजनों में चरणों में सवेरा हो,
बाबा तेरी नगरी में आना जाना मेरा हो,
नाम गाने वालों में नाम मेरा लिख लेना......

सेवा ही करम मेरा सेवा ही धरम मेरा,
तेरी सेवा करने को ही हुआ जनम मेरा,
अपने सेवादारों में नाम मेरा लिख लेना.....

तुझपे “मोहित” हो कर के दिल में तुझको रखा है,
दिल के हर दरीचे पे नाम तेरा लिक्खा है,
दिल लगाने वालों में नाम मेरा लिख लेना......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30298/title/khatu-jaane-walo-me-naam-mera-likh-dena

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |